प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

रांची के 36 केंद्रों पर आज यूपीएससी की सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह निषेधाज्ञा शाम 7 बजकर 30 मिनट तक प्रभावी रहेगी। सभी केंद्रों में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विकास योजनाओं की प्रगति और वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना को लेकर 25 मई से 11 जून तक विभिन्न विभागों की समीक्षा करेंगे।

****

भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनिमेश रंजन ने आज उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गुमला के पद पर योगदान किया। उन्होंने जिले के संपूर्ण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने उपायुक्त दिलेश्वर महतो से भी मुलाकात की। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की टीम भावना एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले के विकास को नई गति प्रदान की जाएगी।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सरकारी कर्मचारियों का स्थानांतरण दंड के तौर पर नहीं किया जा सकता। कल एक मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने देवघर जिले के दो शिक्षकों के तबादले के आदेश को निरस्त करते हुए मूल पदस्थापन पर बहाल रहने का आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि विभाग को शिक्षकों के खिलाफ कोई शिकायत है तो उनपर अलग से कार्रवाई की जा सकती है।

****

ग्रामीण विकास विभाग और झारखण्ड स्टेट लाइवलिहुड प्रमोशन सोसाइटी ने रामगढ़ जिले में **'हर घर सुरक्षा अभियान'** के तहत विभिन्न प्रखंडों में सामाजिक सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। बैंक सखियों और सामुदायिक कैडरों ने केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश की बेटियां सशक्त और आत्मनिर्भर बनकर समाज और राष्ट्र का भविष्य बन रही हैं। उन्होंने शनिवार को लोहरदगा के प्राचीन गुरुकुल शांति आश्रम में आयोजित सात दिवसीय रानी लक्ष्मीबाई आर्य वीरांगना शिविर के समापन समारोह में यह बातें कही।

****

हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने सीएसआर के तहत **'आरोग्य मित्रा'** प्रोजेक्ट के माध्यम से धनबाद सदर अस्पताल को हेल्थ एटीएम और पोर्टेबल ईसीजी मशीन उपलब्ध कराई है। आरोग्य मित्रा प्रोजेक्ट सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर अमित चौधरी ने बताया कि इसका उद्देश्य ग्रामीण और औद्योगिक क्षेत्रों तक त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।

****

जामताड़ा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के करमाटांड़ और नारायणपुर थाना क्षेत्र से पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों को न्यायिक अभिरक्षा में जामताड़ा मंडल कारा भेज दिया गया है।

****

धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथियों के झुंड से ग्रामीण परेशान हैं। करीब 35 हाथियों का झुंड पिछली रात जाताखुटी पंचायत के दालुगोड़ा गांव में घुस आया। हाथियों ने स्कूल को क्षतिग्रस्त किया और वहां रखे मध्याह्न भोजन का अनाज खा गए। सूचना मिलने पर मशालची पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद हाथियों के झुंड को गांव से बाहर निकाला गया।

****

गिरिडीह सेंट्रल जेल में कल देर रात उपायुक्त राम निवास यादव और पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक अधिकारियों ने छापामारी की। छापेमारी में पुलिस को कोई आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ है या नहीं, इसकी सूचना अबतक नहीं दी गयी है। गिरिडीह जेल में बड़े नक्सली और अपराधी बंद है।

**********समाप्त**********